## खबर संक्षेप

### एक पेड़ माँ के नाम अंतर्गत किया गया पौधारोपण



**बिछुआ।** शासन के निर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत विकासखंड बिछुआ के आदिवासी इंग्लिश मीडियम आश्रम स्कूल में गुरुवार को एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत शाला प्रांगण में पौधारोपण किया गया,इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत(गोलु)नागरे,जनपद उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे,स्वास्थ्य विभाग अधिकारी डॉ.बालगोविंद पन्द्रे,अधीक्षक प्रवीण देशमुख,रजत वानखेड़े, एवं संस्था के शिक्षक व शिक्षिकाये,छात्र व कर्मचारी बंधु स्टाफ गण उपस्थित रहे।

### चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा में उत्तीर्ण हुई यशस्वी साहू



**छिंदवाड़ा।** चार्टर्ड अकाउंटेंट (CA) की फाइनल परीक्षा का रिजल्ट जारी होने के साथ ही छिंदवाड़ा के सिवनी प्राणमोती रामदेव नगर की रहने वाली कुमारी यशस्वी साहू ने परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने परिवार को गौरवांवित किया है। कुमारी यशस्वी साहू ने बताया कि वह इंदौर में एक साल तक कोचिंग लेकर लगातार प्रयास करती रहीं, जिसके बाद पुणे में परीक्षा देकर चार्टर्ड अकाउंटेंट (CA) की फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण की है। कुमारी यशस्वी साहू ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने पिता कपिल साहू एवं माता नीलिमा साहू को दिया है।

## एक हफ्ते से नहीं आ रहा है पेयजल, ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर की नारेबाजी

# बड़ेगांव में पानी को लेकर मचा हाहाकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी





अमरवाड़ा विधानसभा की ग्राम पंचायत बड़ेगांव में लोग पानी के लिए परेशान हो रहे है तो वही आज ग्रामीणों ने एक सप्ताह से ग्राम में पेयजल नहीं आने के कारण आंदोलन कर रहे ग्रामीण। अभी-अभी अमरवाड़ा विधानसभा के उपचुनाव संपन्न होने के महज एक दिन ही बीता है की समस्याओं का अंबार सा लग गया है।

बड़ेगांव ग्राम पंचायत में नल जल योजना के तहत कुआं और सरकारी बोर है जहां से ग्रामीणों को पानी की सप्लाई की जाती है। किंतु ग्राम पंचायत की लापरवाही से एक किसान के खेत में पाईप लाईन बिछी हुई है जो टूटी फूटी हुई है जिसे आज तक एक सप्ताह से अधिक हो गया है सुधारा नही गया। वही सरकारी कुंआ में गंदा पानी जाने के कारण उसमे कीड़े मकोड़े मैंडक और अन्य जीव जंतु तैर रहे है जिससे कुएं के पानी से ग्रामीणजनो के स्वास्थ्य पर इसका भारी असर पड़ रहा है लोग बीमार हो रहे है। और सगोनिया एवं बडेगांव में पानी को लेकर लोग परेशान हो रहे है एक हफ्ते से अधिक हो गए हैं लोग पानी को लेकर त्राहि त्राहि हो रहे है।

लोगों को एक से दो किलोमीटर मेन रोड से पर होकर दूर पानी लाने को मजबूर है किंतु शासन प्रशासन का इस और जरा भी ध्यान नहीं है। जिसके चलते आज ग्रामीण जन ग्राम पंचायत बड़ेगांव और सगोनिया मेन रोड के सामने एकत्रित होकर नारेबाजी कर समस्या के समाधान करने की मांग कर रहे है। समाधान नहीं होने पर आने वाले दिनों में बड़ा आंदोलन करने की भी ग्रामीण जन चेतावनी दे रहे है फिलहाल ग्राम पंचायत सरपंच सचिव पर भी ग्रामीणजन आरोप लगाते हुए नजर आ रहे है और पानी संकट को दूर करने की मांग कर रहे है।

## 300 बच्चों वाली शाला बनी तालाब

# सीएम राइज प्राथमिक शाला की व्यवस्था हुई बदहाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

जिला पुलिस मुख्यालय से कलेक्टर कार्यालय जाने वाले मार्ग पर सीमेंट सडक के किनारे सीएम राइज प्राथमिक शाला है जिसमें लगभग 150 छात्र छात्राएं अध्ययनरत है। इसी शाला परिसर में नगरपालिका हाइस्कूल भी संचालित है जहां लगभग 150 बच्चे पढते है। प्रतिवर्षानुसार आज हुई निरंतर एक घंटे की बारिश के चलते शाला कैम्पस तालाब बन गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जब जब लगातार एक घंटे या इससे अधिक समय तक वर्षा होती है तब इस शाला में यही दुर्गती होती है। शाला की यह हालत पिछले अनेक वर्षों से हर एक बारिश के मौसम में होना आम बात है जिसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को भी है। पिछले वर्ष भी शाला में ऐसे हालात बने थे। लेकिन इसका कोई संतोषजनक समाधान प्रशासन द्वारा आज तक नहीं किया गया है।

# एमपी टैलेंट हंट शो में प्रथम विजेता रही अनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

डेयरा प्रोडक्शन एंड डिजायर डांस स्टूडियो के तत्वाधान में मणि महल लॉन छिंदवाड़ा में मध्य प्रदेश स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें चांदामेटा वार्ड क्रमांक 4 निवासी, 4 वर्षीय अनाया फैशन शो में प्रथम स्थान प्राप्त किया । अनाया परमार अंकिता परमार की बेटी हैं एवं आशुतोष सिंह परमार ,अभिषेक परमार ,मोहित परमार की भांजी है । उक्त कार्यक्रम में नैना पन्नाम मिस एमपी 24 , निधि सोलंकी पूर्व मिस एमपी एवं कुमकुम एलाने के हस्ते अनाया परमार को सम्मानित किया गया । इस कार्यक्रम के मार्गदर्शक विक्की यादव एवं संचालक बृजेश महोबे रहे । अनाया परमार अब नेशनल इंडिया किड्स के लिए नामांकित हुई है । उनकी इस उपलब्धि पर नगर वासियों ने बधाई देते हुए बिटिया के उज्जवल भ विष्य की कामना की है ।

# महिला डॉक्टर ने प्रताड़ित करने की कलेक्टर से की शिकायत

## बीएमओ वाचक को हटाने नगर कांग्रेस कमेटी चांदामेटा ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



विकासखंड परासिया में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के रूप में पदस्थ डॉक्टर प्रमोद वाचक को हटाने के लिए नगर कांग्रेस कमेटी चांदामेटा ने ज्ञापन सौंपा है । वहीं परासिया अस्पताल में पदस्थ एक महिला डॉक्टर के द्वारा बीएमओ वाचक पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए कलेक्टर से शिकायत की है ।ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर प्रमोद वाचक के परासिया में पदभार संभालने के बाद से ही वे आरोपों के घेरे में रहे हैं ।

पदस्थापना के कुछ महीनो के बाद ही अस्पताल की महिला कर्मचारियों के द्वारा उन पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए जिला चिकित्सा अधिकारी से शिकायत की गई थी , जिसके बाद श्री वाचक को निलंबित कर दिए गया था , लेकिन उन्होंने इस निलंबन पर हाई कोर्ट से स्टे लाकर परासिया में पुनः अपना पदभार ग्रहण किया । अभी हाल ही में एक महिला चिकित्सक के द्वारा श्री वाचक पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने , अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए कलेक्टर और जिला चिकित्सा अधिकारी से शिकायत की है ।

बताया जा रहा है , कि महिला डॉक्टर के द्वारा श्री वाचक से कुछ आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने की मांग की गई थी , जिसके एवज में श्री वाचक ने महिला डॉक्टर से कहा था , कि वे उनकी मांग को पूरी कर देंगे तो उसके बदले में उन्हें क्या सेवा देंगी । इसी बात को लेकर महिला डॉक्टर ने शिकायत की है । इसी बात के चलते नगर कांग्रेस कमेटी के लोगों द्वारा ज्ञापन सौंप कर श्री वाचक को हटाने की मांग रखी गई है । चांदामेटा नगर पंचायत उपाध्यक्ष अमजद खान कमेटी के सुशील जायसवाल का कहना है , कि डॉक्टर वाचक अस्पताल में पदस्थ महिला कर्मचारियों को प्रताड़ित करते हैं । बेवजह के काम करवाना चाहते हैं , जो कर्मचारी उनकी बात नहीं मानता है उसे इधर - उधर ट्रांसफर करते हैं । इसके अलावा बी एम ओ द्वारा हर काम के लिए पैसे लिए जाने का भी आरोप कमेटी के लोगों द्वारा लगाया गया है ।

### जांच के लिए आई टीम

कलेक्टर और जिला चिकित्सा अधिकारी से शिकायत के बाद जिला अस्पताल के उच्च अधिकारियों के द्वारा एक टीम परासिया अस्पताल भेजी गई ।जिसमें डीटीओ अर्चना कैथवास और डी एच ओ धीरज दावंडे ने सिविल अस्पताल चांदामेटा पहुंचकर जांच शुरू की है । देखना है ,कि इस बार जांच का क्या परिणाम आता है ? इधर बीएमओ प्रमोद वाचक में सारे आरोपों को निराधार बताया है ।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर 52 महिलाओं ने नसबंदी करवाई




**जुन्नारदेव।** विश्व जनसंख्या दिवस पर विकास खंड जुन्नारदेव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव, दमुआ सहित सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,उपस्वास्थ्य केंद्र में विश्व जनसंख्या दिवस पर कार्यशाला की गई ।जिसमें जनसंख्या स्थिरता पर ए एन एम, आशा कार्यकर्ता, सी एच ओ द्वारा परिवार नियोजन के स्थाई एवं अस्थाई साधनों के बारे में जन समुदाय को जागरूक किया गया। जनसंख्या स्थिरता के लिए आज से 11 अगस्त 2024 तक यह माह मनाया जाएगा ।जिसमें आशा कार्यकर्ता, ए एन एम, सी एच ओ द्वारा परिवार नियोजन के विभिन्न साधन जैसे अंतरा इंजेक्शन, कॉपर टी, छाया, ओरल पिल्स , कंडोम इच्छुक हितग्राहियों को उपलब्ध कराएंगे। जो हितग्राही परिवार नियोजन के स्थाई साधन नसबंदी अपनाना चाहते हैं उनको नसबंदी शिविर में सेवा दी जावेगी।

# पुलिस थाना परिसर में पुलिस अधिकारियों ने किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

गुरुवार को पुलिस थाना परिसर में पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ पुलिस परिवार के सदस्यों के द्वारा वृक्षारोपण करते हुए पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया गया। एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण अभियान के तहत को सौसर एसडीओपी ही नागर, थाना प्रभारी सौसर ए बी मर्सकोले,के द्वारा थाना परिसर में वृक्षारोपण करते हुए सभी कर्मचारियों को पर्यावरण को सुरक्षित रखने की संकल्प दिलाया। इस दौरान सौसर पुलिस थाना स्टाफ एवं कर्मचारियों के परिजनों के द्वारा भी थाना परिसर में वृक्षारोपण किया। सौसर डीएसपी श्री नागर ने बताया कि पर्यावरण को सुरक्षित रखना यह प्रत्येक नागरिक के साथ परिवार के सदस्य की जिम्मेदारी है। सभी ने अपने आसपास के परिसर एवं घरों में अधिक से अधिक संख्या में पेड़ पौधे लगाने चाहिए।

# कलेक्टर ने की मसाला पार्क की शुरुवात

## किसानों को मसालों की खेती के नवाचार के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा




कृषि वैज्ञानिकों की सलाह उपरांत जिले की क्लाइमेटिक कंडीशन को देखते हुए किसानों की आय में वृद्धि करने के लिए जिले में कालीमिर्च, लोंग, इलायची और तेजपत्ता की खेती के नवाचार की शुरुआत कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में विगत दिनों की जा चुकी है। जिसके लिए चयनित और इच्छुक कृषकों को वैज्ञानिकों के माध्यम से प्रशिक्षण भी दिलाया जा चुका है। साथ ही देलाखारी नर्सरी में भी इन मसालों के पौधे लगाए गए हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री सिंह ने जिले में किए जा रहे नवाचार के प्रति किसानों को प्रेरित करने के उद्देश्य से इसे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जोड़ते हुए आज अपने बंगले परिसर में मसाला पार्क स्थापना की शुरुवात की गई। इसके तहत कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के सहयोग से कलेक्टर निवास परिसर में आज कालीमिर्च के 80 और तेजपत्ता के 40 पौधों का रोपण किया गया।

### बेंगलोर से आए पर्यटकों से लिया होम स्टे का फीड बैक, बांस के डस्टबीन देखकर अधिकारी हुए खुश

**छिन्दवाड़ा।** राज्य प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों का दल छिंदवाड़ा जिले के पर्यटन ग्राम सावरवानी पहुंचा और यहाँ चल रही सरकारी जनकल्याकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को जाना । अधिकारियों ने ग्राम में कृषि, उद्यानिकी, राजस्व, पशुपालन विभाग की जनकल्याकारी योजनाओं को समझा। साथ ही इन दिनों बेंगलोर से सावरवानी आए पर्यटकों से होम स्टे का फीड बैक लिया। पर्यटकों ने बताया कि उन्हें यहाँ उम्मीद से कहीं ज्यादा अच्छी सुविधाएं मिली हैं और प्राकृतिक वातावरण में देशी व्यंजन ने आठ दिन के ट्रिप को यादगार बना दिया है। मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा विकसित किए जा रहे पर्यटन ग्राम सावरवानी पहुँचे प्रशिक्षु अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत की। इस गांव में बने नाडेप की सभी ने सराहना की। वैसे तो नाडेप जिले के हर गांव में बने हैं, लेकिन सावरवानी में नाडेप की अलग विशेषता है। यहां पर बनाए गए नाडेप में दो फीट का गेट रखा गया है और एक कोने से खाद बनाने और उसे साफ करने की उचित व्यवस्था बनाई गई है।

# एसपी एवं कलेक्टर ने किया पौधरोपण

## पुलिस मुख्यालय परिसर में रोपे गए पौधे, पुलिस कर्मचारी रहे मौजूद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड मां के नाम अभियान के तहत देशभर को हराभरा बनाए जाने के लिए आज जिला पुलिस मुख्यालय पांढुर्ना के परिसर में आज अनेक स्थानों पर एसपी राजेश कुमार त्रिपाठी एवं कलेक्टर अजय देव शर्मा के नेतृत्व में अन्य स्टाफ ने बडी संख्या में फलदार पौधों को रोपित किया।

इस अवसर पर कलेक्टर महोदय ने बताया कि पूरे जिले में 2 लाख पौधों से अधिक संख्या में वृक्षारोपण किए जाने का लक्ष्य हमने रखा है। इस अवसर पर एसडीओ पुलिस बृजेश भार्गव, थाना प्रभारी अजय मरकाम, यातायात प्रभारी अनीता सिवडे ने भी बढचढकर पौधरोपण किया। इसके साथ ही अनेक महिला पुलिस अधिकारियों एवं महिला स्टाफ ने भी पौधों को रोपिए किया।

एसपी राजेश कुमार त्रिपाठी का ध्यान जब इस ओर आकर्षित किया गया कि इस परिसर में इसके पहले भी कई मर्तबा पौधे रोपे गए लेकिन मैनेजमेंट के अभाव में वे बढ नहीं पाए। इस पर पुलिस अधिक्षक महोदय ने अधिनस्थ अधिकारियों को इस संबंध में हिदायत दी कि लगाए गए पौधें सुरक्षित रहे एवं इनका सुरक्षित ढंग से विकास हो इस पर पूरा पूरा ध्यान दिया जाए।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 52 महिलाओं की हुई नसबंदी

**जुन्नारदेव।** ग्राम पंचायत खामखेड़ा में शिव मंदिर के पास स्थित हैंडपंप से बारिश के समय से लाल पानी आ रहा है। ग्रामीणों का अनुमान है कि पाइप लाइन में रिसाव या क्षति के कारण ऐसा हो रहा है। इस समस्या की खबर अखबारों में भी प्रकाशित हो चुकी हैं।लेकिन पीएचई विभाग ने अभी तक इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया है। यह लापरवाही विभाग की गैर जिम्मेदारी को दर्शाती है। ग्रामीणों का आरोप है कि आदिवासी बहुल इस क्षेत्र में जानबूझकर हैंडपंप को बंद रखा गया है। इस समस्या से ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है। लाल पानी पीने योग्य नहीं है । इसका उपयोग घरेलू कार्यों में भी नहीं किया जा सकता है। ग्रामीणों ने विभाग से तत्काल कार्रवाई करने और हैंडपंप की मरम्मत कराने की मांग की है। इस समस्या के लिए स्थानीय नागरिकों द्वारा डीएस नेताम सब इंजीनियर ओर एसडीओ को भी कॉल किया गया ।लेकिन उन्होंने कॉल नही उठाया ।जुन्नारदेव पीएचई विभाग को कॉल किया गया परंतु उन्होंने कॉल उठाना उचित नहीं समझा।

## शिकायतों के बाद अधिकारियों ने ली स्कूल संचालकों की बैठक

# शिकायत के बाद भी स्कूलों पर नहीं हो रही कार्यवाही, पालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



गुरुवार को शिक्षा विभाग कार्यालय में सौसर क्षेत्र में संचालित होने वाली निजी स्कूलों की लगातार आ रही शिकायत को देखते हुए विकासखंड सौसर अंतर्गत संचालित अशासकीय विद्यालयों से संस्था संचालकों की बैठक लेते हुये शासन की गाइडलाइन एवं समय सीमा में कार्य करने के निर्देश दिए गए है। बैठक के दौरान अधिकारियों के द्वारा निजी स्कूलों से आरटीई के छात्र एवं समस्याओं को लेकर आ रही शिकायतों को लेकर नाराजगी व्यक्त की। विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीकांत शर्मा, बीआरसी चैनसा यादव के द्वारा सत्र 2024-25 में छात्रों के नामांकन,शिक्षा पोर्टल पर मेपिंग, आरटीई के अंतर्गत विद्यालय में अध्यनरत छात्रों हेतु जानकारी एवं विद्यालय में परिवहन व्यवस्था के सम्बन्ध में चर्चा की। बैठक में बीईओ श्री शर्मा द्वारा अशासकीय विद्यालयों के संस्था प्रमुख को शाला स्तर पर प्रवेश लेने वाले समस्त छात्रों की मेपिंग शिक्षा पोर्टल पर मेपिंग समय सीमा में शत प्रतिशत पूर्ण करने के साथ ही आरटीई अंतर्गत विद्यालयों में अध्यनरत छात्रों की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में जमा करने संबंधी निर्देश दिए गए। साथ ही विद्यालय में संचालित कक्षावार पाठ्यपुस्तक एवं यूनिफॉर्म के संबंध में की जानकारी, क्षेत्र की अशासकीय संस्थाओं में संचालित विद्यालय में संचालित परिवहन व्यवस्था अंतर्गत बस की जानकारी समय सिमा में जमा करने संस्था प्रमुख को निर्देश दिए गए। सत्र 2023-24 में अध्यनरत छात्रों के अशासकीय शालाओं द्वारा फीस प्रतिपूर्ति प्रपोजल की समीक्षा की गई।

### बेखौफ है निजी स्कूल, अभी तक नहीं हुई कार्यवाही

एक ओर जहां अधिकारियों के द्वारा बैठक लेकर सौसर के निजी स्कूल संचालकों को व्यवस्थाओं का पाठ पढ़ाया जा रहा है।वहीं दूसरी ओर पालकों के द्वारा निजी स्कूलों में चल रही अनियमितताएं एवं आरटीई के छात्रों के साथ में अवैध रूप से की जा रही वसूली पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जबकि एसडीएम ओर शिक्षा विभाग से लेकर तो मुख्यमंत्री कलेक्टर तक पालकों के द्वारा क्षेत्र की बेलगाव मैं संचालित एवं अन्य निजी स्कूलो को लेकर शिकायतें की जा चुकी है। बुधवार को सद्भावना मंच बोरगांव की ओर पांढुरना पहुचकर कलेक्टर को सौसर क्षेत्र मेंसीबीएसई स्कूल द्वारा प्रतिवर्ष बढ़ रही ट्युशन फीस, प्रतिवर्ष नये प्रकाशन की महंगी कीताबे युनीफार्म,प्रत्येक कार्यक्रम स्कूल की एक्टिविटी, बस परिवहन के नाम पर अधिक फीस वसूलने कार्रवाई करने की मांग की गई है।

## किसानों को धान की रोपाई के लिए पैडी ट्रांसप्लांटर मशीन एक बेहतर विकल्प- उप संचालक कृषि

# जिले में पहली बार पैडी ट्रांसप्लांटर धान रोपाई मशीन का हुआ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार नवाचार करते हुए तामिया विकासखंड के कृषि प्रक्षेत्र देलाखारी एवं डिबूढाना में कृषि अभियांत्रिकी द्वारा जिले मे पैडी ट्रांसप्लांटर (धान रोपाई मशीन) का प्रदर्शन कराया गया। उप संचालक कृषि श्री जितेन्द्र कुमार सिंह, डीन उद्यानिकी महाविद्यालय चंदनगांव छिंदवाडा डॉ.आर.सी.शर्मा, कृषि यंत्री जबलपुर श्री विनयकांत सोनवाने, सहायक कृषि यंत्री श्री समीर पटेल, सहायक संचालक कृषि श्री दीपक चौरसिया, अनुविभागीय कृषि अधिकारी परासिया श्री प्रमोद सिंह उट्टी, श्री व्ही.व्ही मोर्या, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी तामिया श्री योगेश उइके, सहायक कृषि उप यंत्री सुश्री अश्विनी सिंह, कृषि विस्तार अधिकारी श्री रोहित डेहरिया, प्रेक्षत्र अधीक्षक कृषि प्रक्षेत्र देलाखारी श्री भेडा एवं किसानों की उपस्थिति में धान रोपाई मशीन का प्रदर्शन किया गया।



उप संचालक कृषि श्री सिंह ने बताया कि पैडी ट्रांसप्लांटर से धान की रोपाई करने से समय की बचत, लागत कम एवं उत्पादन अधिक प्राप्त होता है। पैडी ट्रांसप्लांटर मशीन की कीमत 3 लाख रूपये है एवं 50 प्रतिशत अनुदान पर किसानों को मशीन उपलब्ध कराई जाती है। प्रदर्शन के समय पैडी ट्रांसप्लांटर की उपयोगिता को देखते ग्राम डिबूढाना के दो किसान श्री नितिन मिश्रा एवं श्री सूर्याभान द्वारा मशीन बुकिंग कराई गई हैं। उप संचालक कृषि श्री सिंह एवं अधिकारियों के ने स्वयं मशीन चलाकर धान की रोपाई की । उन्होंने बताया कि जिन किसानों को मशीन प्राप्त करना हो वे किसान सहायक कृषि यंत्री श्री समीर पटेल से संपर्क कर मशीन की बुकिंग करा सकते हैं।

## सांसद श्री बंटी विवेक साहू ने जताया आभार कहा जनता नें मतदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया

**छिंदवाड़ा:** सांसद श्री बंटी विवेक साहू जी ने बुधवार को अमरवाड़ा विधानसभा के उपचुनाव में हुए 78.71 प्रतिशत मतदान करने पर जनता जनार्दन को धन्यवाद दिया और आभार व्यक्त किया। श्री बंटी विवेक साहू जी ने कहा कि यह अमरवाड़ा की जनता के भविष्य का चुनाव हैं मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया हैं और बड़ी संख्या में मतदान किया। उन्होंने कहा कि उपचुनाव में चाहें बड़े बुजुर्ग हो, भाईयों, बहने हो या नव मतदाता सभी ने अपना अमूल्य वोट दिया। मैं मतदाताओं को प्रणाम करता हूं। प्रचार के दौरान में जहां भी गया सभी ने तिलक लगाकर सांसद बनने पर स्वागत किया। सांसद श्री साहू ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी की जनसभाओं के चलते मतदाताओं ने मतदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वोटिंग बढ़ाने में हमारे कार्यकर्ताओं की मेहनत भी रंग लाई। सांसद ने कहा कि जनता के कल्याण और विकास के लिए निरंतर काम करते रहेंगे।



## आरटीओ ने तीन वाहनों से लिया गया 11800 रूपये का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा आज दमुआ-सारणी क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में जाकर सभी वाहनों की बारीकी से जांच की गई। परिवहन जांच दल द्वारा सवारी बसों, ऑटो रिक्शा एवं सभी प्रकार के यात्री वाहनों सहित अन्य सभी छोटे-बड़े वाहनों की जाँच की गई।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री मनोज तेहनगुरिया ने बताया कि दमुआ-सारणी क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में जाकर सभी वाहनों की बारीकी से जांच की गई। इसी क्रम में जांच दल द्वारा मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करने पर 03 वाहनों से 11800 रूपये का जुर्माना लिया गया । उन्होंने बताया कि वाहन संचालकों को समय-समय पर मीटिंग लेकर समझाईश दी जा रही है कि मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा यात्री बसों के संबंध में उन पर आच्छादित अनुज्ञा पत्र को निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी।

## श्रीमती थापक के निधन पर जनसंपर्क विभाग ने दी श्रध्दांजलि

**छिन्दवाड़ा।** जनसंपर्क विभाग में सहायक संचालक के पद पर पदस्थ रही श्रीमती पूजा थापक के आकस्मिक निधन पर विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्रद्धांजलि दी। सभी ने विभाग की होनहार अधिकारी के असामयिक निधन पर गहन शोक व्यक्त किया। श्रीमती थापक जनसंपर्क संचालनालय में सौंपे गये दायित्वों को बखूबी निर्वहन कर रही थीं। उनके आकस्मिक निधन पर विभाग में शोक की लहर व्याप्त है। श्रीमती थापक भोपाल के पहले छतरपुर और इंदौर जिले में भी पदस्थ रही थीं।

## शहर के BSNL ऑफिसों में की गई चोरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

रोहित माइकल एस डी ई ग्रामीण बी एस एन एल छिंदवाड़ा से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 03 जुलाई दिन बुधवार को रात्रि के समय सावरी BSNL ऑफिस में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा 100*6=600AH लिथियम अयान EXICOM कंपनी की नई बैटरी चुरा ले गए जिसकी कुल कीमत 6 लाख रुपये है तथा दिनांक 10 जुलाई दिन बुधवार को रात्रि के समय रोहना कला BSNL ऑफिस में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा 100*5=500AH लिथियम अयान EXICOM कंपनी की नई बैटरी ,अल्का टेल टूजी BTS की TRE, कम्मानर एवं लेड लाइन के काड्र्स चुरा ले गए जिसकी कुल कीमत 5 लाख पचास हजार रुपये है जिसकी शिकायत संबंधित थाना में कर दी गई है ।



## उमंग स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ

**पांढुर्ना।** आज स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नगरपालिका अध्यक्ष संदीप घाटोडे ने उमंग काउंटर शुभारंभ किया। इस उमंग काउंटर में केंद्र में 10 से 19 वर्ष के किशोर एवं किशोरियों को मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस केंद्र में 10 से 19 वर्ष के किशोर एवं किशोरियों को पोषण एवं स्वच्छता, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य, शैक्षणिक, कैरियर काउंसलिंग, विवाह पूर्व परामर्ष, गर्भनिरोधक, परिवार नियोजन, पारिवारिक एवं व्यक्तिगत, एमटीपी, तनाव, अवसाद, आत्मघात, प्रजनन एवं योन, नशीले पदार्थ का सेवन, एनिमिया से रोकथाम एवं उपचार, हिंसा जोखिम युक्त व्यवहार, माहवारी स्वच्छता तथा असंचारी एवं संचारी रोगों संबंधी परामर्ष दिया जाएगा। इस उमंग स्वास्थ्य शिविर का समय सुबह 9 से दोपहर 4 बजे तक रहेगा। इस अवसर पर सभापति महेंद्र घोडे एवं मदन भांगे, पार्षद लोचन खवसे, रामरती इवनाती एवं गुंफाबाई नाडेकर उपस्थित थे।

## केन्द्रीय गृह मंत्री श्री शाह प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का करेंगे शुभारंभ : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रसन्नता का विषय है कि केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह आगामी 14 जुलाई को प्रदेश के सभी 55 जिलों में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का एक साथ शुभारंभ कर रहे हैं। एक्सीलेंस कॉलेजों की विशेषता है कि नई शिक्षा नीति के अनुरूप इनमें सभी कोर्स उपलब्ध होंगे तथा ये कॉलेज सभी संसाधनों से युक्त होंगे। युवा पीढ़ी को इन कॉलेजों का लाभ मिलेगा। सभी मंत्रीगण अपने-अपने क्षेत्र में कॉलेजों के शुभारंभ कार्यक्रम में अवश्य शामिल हों। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले अपने संबोधन में यह बात कही। बैठक मंत्रालय में वंदे मातरम गान के साथ आरंभ हुई।

**बजट के प्रमुख बिन्दुओं पर जिलों में हों संवाद कार्यक्रम:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के बजट की सभी ओर सराहना हो रही है। बजट के जन-कल्याण एवं विकास से संबंधित प्रमुख बिंदुओं पर सभी जिलों में संवाद कार्यक्रम किए जाएं। प्रदेश के विभिन्न अंचलों को राजधानी से सीधे जोड़ने के लिए बनने वाले एक्सप्रेस-वे तथा सभी विभागों को उपलब्ध कराई गई पर्याप्त राशि से प्रदेश के विकास पर होने वाले प्रभाव के संबंध में जिलों में चर्चा हो।

### प्रदेश के सभी जिलों में औद्योगिक गतिविधियों का हो विस्तार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 20 जुलाई को जबलपुर में इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन हो रहा है। प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार के लिए सभी जिलों में सहयोग व मार्गदर्शन कार्यक्रम संचालित किए जाएं।

### पड़ोसी राज्यों के साथ समन्वित गतिविधियों का होगा विस्तार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पड़ौसी राज्यों के साथ विभिन्न गतिविधियों में समन्वय और सहयोग बढ़ाया जाएगा। राजस्थान के मुख्यमंत्री ने मध्य प्रदेश और राजस्थान के धार्मिक महत्व के स्थलों में बेहतर नेटवर्क विकसित करने में रुचि दिखाई है। दोनों राज्यों के बीच 'नदी जोड़ों अभियान' पर भी गतिविधियां चल रही हैं। इसी प्रकार महाराष्ट्र के साथ भी नदी जोड़ों अभियान की संभावनाओं पर चर्चा हुई है।

### सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

जिला स्तर पर लक्ष्य तय कर सभी विभागों के समन्वय से किया जाए पौध-रोपण- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में पौध-रोपण अभियान के अंतर्गत साढे 5 करोड़ पौधे लगाए जा रहे हैं। उन्होंने इंदौर एवं भोपाल में जारी पौध-रोपण गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी जिले पौध-रोपण का लक्ष्य तय करें एवं सभी विभागों में समन्वय करते हुए इसे अंजाम दिया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अभियान में लगाए गए पौधों के रख-रखाव के लिए लोगों को प्रेरित भी किया जाए।

## अष्टांहिका महापर्व का शुभारंभ 14 से

**छिंदवाड़ा।** सकल जैन समाज के साथ श्री दिगंबर मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन विविध अनुष्ठानों के साथ आगामी आषाढ़ सुदी अष्टमी 14 जुलाई से आठ दिनों तक चलने वाले अनादि निधन शाश्वत महापर्व अष्टांहिका की मंगल आराधना करेगा।फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन ने बताया की मंगलमय प्रसंग पर अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जिनालय में प्रातः 7 बजे से श्री जिनबिंब प्रक्षालन से महोत्सव का शुभारंभ होगा पश्चात 7.15 बजे से श्री जिनेन्द्र पूजन 7.45 से श्री नंदीश्वर द्वीप 52 पूजन विधान का शुभारंभ, 9 बजे से विदिशा से पधार रहें बाल ब्रह्मचारी अमित जैन के मंगल प्रवचन होंगे। दोपहर 3 बजे से स्वाध्याय भवन में बा. ब्र. अमित भैय्या के प्रवचन, रात्रि 7 बजे से बच्चों की पाठशाला एवं 8.30 बजे से बा. ब्र. अमित भैय्या के मंगल प्रवचनों को सुनने का सौभाग्य सकल जैन समाज को प्राप्त होगा।उपरोक्त समस्त अनुष्ठान आगामी आठ दिनों तक नियमित रूप से चलेंगे जिसकी पूर्णता श्रावण वदि एकम 22 जुलाई वीर शासन जयंती के शुभ दिन होगी जिसमे सम्मिलित होकर सकल जैन समाज से धर्म लाभ लेने की अपील मंडल एवं फेडरेशन की ओर से सर्वश्री शांतिकुमार पाटनी, विजयकुमार कौशल, रमेशचंद्र सिंघई, डॉक्टर के. सी. जैन, महेंद्र जैन, अशोक वैभव, प्रमोद पाटनी, प्रकाश अहिंसा, ऋषभ शास्त्री, दीपक राज जैन, राजेश जैन, वर्धमान जैन, सचिन जैन, आशीष कौशल, विशाल शास्त्री सहित समस्त सदस्यों द्वारा की गई है।

## बारिश के बाद जलमग्न हुआ प्राथमिक स्कूल : ग्रामीणों ने पंचायत पर लापरवाही बरतने का लगाया आरोप

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** तहसील मुख्यालय कटंगी से सटी ग्राम पंचायत चिचगांव के शासकीय प्राथमिक शाला रामनगर का स्कूल परिसर बुधवार की दोपहर में हुई करीब 02 घंटे की झमाझम बारिश के बाद पूरी तरह से जलमग्न हो गया. जिसके बाद स्कूल के बच्चों की असमय छुट्टी करनी पड़ी. बारिश का पानी कक्षाओं में प्रवेश करने लगा था. स्कूल के इस हाल के बाद ग्रामीणों ने सामने आकर ग्राम पंचायत को जमकर घेरा. उन्होंने आरोप लगाया कि पंचायत की घोर लापरवाही की वजह से स्कूल परिसर में जलभराव की नौबत आई है. पंचायत ने बरसात से पहले नालियों की साफ-सफाई नहीं करवाई. अगर, सफाई हो जाती तो शायद यह स्थिति निर्मित नहीं होती. ग्रामीण बताते है कि करीब 10 वर्षों से हर वर्ष बारिश के मौसम में स्कूल परिसर में जलभराव की समस्या होती है. जिससे स्कूली विद्यार्थियों को परेशान होना पड़ता है. बुधवार को जब जलभराव की स्थिति निर्मित हुई तब पंचायत जागी और जेसीबी मशीन की सहायता से बंद हो चुकी नाली से मलबा हटाया गया. पंचायत सरपंच अरविंद खरे ने बताया कि स्कूल की इमारत कई साल पहले निर्मित हुई है तब की स्थिति कुछ और थी. मगर, अब सड़क का निर्माण होने से मुख्य सड़क की ऊंचाई बढ़ गई है और स्कूल का हिस्सा गहरा हो गया है. जिस कारण जलभराव की स्थिति पैदा होती है इस समस्या से निपटने के लिए मुख्य सड़क पर पाइप लगाया गया है. इसके साथ ही ग्रामीणों को भी समझाइश दी गई थी कि वह अपने घरों के सामने की नाली की सफाई करें परंतु कुछ लोगों ने भवन निर्माण के दौरान नाली में ही मलबा डाल दिया. जिससे नाली जाम हो गई और स्कूल में जलभराव हो गया. खैर, ग्रामीणों के आरोप और पंचायत सरपंच की इस पूरे मामले में सफाई समस्या का स्थाई समाधान नहीं है।



बुधवार को जब बारिश के बाद स्कूल परिसर में जलभराव हुआ तो यहां बच्चों को काफी परेशानी हुई. स्कूल परिसर में घुटने तक पानी जमा हो गया. ग्रामीणों की माने तो कई बार कमर भर तक पानी भर जाता है. बच्चे छोटे होने के कारण हादसों का डर बना रहता हैं. प्राइमरी स्कूल के परिसर में बरसाती पानी का लबालब जलभराव होने के कारण गुरुवार को स्कूल संचालन होगा या नहीं कहा नहीं जा सकता. अगर, बुधवार की रात भी बारिश हुई तो निश्चित तौर पर परेशानी होगी. आलम ये है कि बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह से बन्द भी हो सकती है, जिसके लिए जिम्मेदार कौन है यह पालक पूछ रहे है?

## आबादी के प्लाट पर अवैध कब्जा करने चलाई जा रही थी जेसीबी

# नगर परिषद अध्यक्ष ने लिया संज्ञान तो मशीन और ट्रैक्टर हुए रफूचक्कर

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी शहर के सिवनी रोड़ पर वार्ड क्रमांक 15 में संकट मोचन हनुमान मंदिर के ठीक सामने स्थित आबादी की खसरा नंबर 265 की शासकीय भूमि के खाली प्लांट पर अवैध कब्जा करने की नीयत से बुधवार की सुबह करीब 10 बजे यहां पर अवैध तरीके से जेसीबी मशीन चलाई जा रही थी. यह मशीन समाजसेवी कहे जाने वाले विशाल कोठारी के द्वारा बिना सक्षम अधिकारी के अनुमति लिए ही चलवाई जा रही थी. खाली प्लांट में मशीन ले जाने के लिए यहां सरकारी संपत्ति यानी नाली को मिट्टी डालकर बंद कर दिया गया. मतलब नुकसान पहुंचाया गया. जिसकी जानकारी लगते ही नगर परिषद कटंगी अध्यक्ष योगेन्द्र ठाकुर ने पूरे मामले को तत्काल संज्ञान में लिया और नगर परिषद के कर्मचारियों को मौका स्थल भेजा. मगर, कर्मचारियों के मौके पर पहुंचने से पहले ही जेसीबी मशीन और 02 ट्रैक्टर मौके से फरार हो गए. गौरतलब हो कि खसरा नंबर 265 की शासकीय भूमि पर बीते कई वर्षों से एक प्लांट खाली पड़ा है. जिस पर पूर्व में भी कुछ लोगों ने कब्जा करने की कोशिश की गई थी लेकिन नगर परिषद ने उस वक्त भी अतिक्रमण को बेदखल करवा दिया था. तब से लेकर अब तक यह प्लांट खाली ही है. नगर परिषद के राजस्व शाखा में मौजूदा वक्त में यह प्लाट किसी के नाम दर्ज नहीं है।

**उपयंत्री की भूमिका संदिग्ध:** दरअसल, बीते कई वर्षो से रिक्त पड़ी उक्त शासकीय भूमि यानी प्लाट पर पार्षद संजय चौकसे की तरफ से आंगनवाड़ी निर्माण करने का सुझाव रखा गया है. जिस पर परिषद में आगामी समय में चर्चा होनी है. मगर, इस बीच विश्वसनीय सूत्रों की माने तो ''घर का भेंदी लंका ढाए'' की कहावत को चरितार्थ करने वाले नगर परिषद में पदस्थ उपयंत्री राजेश चौकसे ने व्यक्तिगत स्वार्थ (किसी भी प्रकार का हो सकता है शायद आर्थिक लाभ) के लिए उक्त प्लाट किसी के नाम दर्ज करवाने के लिए अंदरूनी तौर पर अपने ही कार्यालय में आवेदन करवाया है. नपा कार्यालय में तो यहा तक चर्चा है कि उपयंत्री ने नाम दर्ज करवाने के एवज में आवेदक से मोटा पैसा लिया है. जिसके चलते उपयंत्री ने नगर परिषद की राजस्व शाखा संभालने वाली महिला कर्मचारी पर अभिलेख में नाम दर्ज करने का दबाव तक बनाया. लेकिन महिला कर्मचारी ने नियम विरुद्ध जाकर नाम दर्ज करने से साफ तौर पर मना कर दिया. चूंकि प्लाट खाली है और आवेदन के साथ कोई भी ऐसे दस्तावेज उपलब्ध नहीं करवाएं गए. जिससे यह पुष्टि हो सके कि जिस व्यक्ति ने आवेदन किया है वहां पर उसका कब्जा हो।



**भूमि के खरीद-फरोख्त की भी चर्चा:** शहर के खसरा नंबर 265 की शासकीय भूमि के खाली प्लांट की खरीदी-बिक्री की भी चर्चाएं इन दिनों खूब चल रही है. हालांकि आधिकारिक तौर पर आबादी मद की शासकीय भूमि के खाली प्लांट की खरीदी बिक्री होना संभव नहीं है. वर्तमान में नगर परिषद के अभिलेखों में किसी का नाम तक दर्ज ही नहीं है. जैसा कि किसी समय में उक्त प्लाट में घेवरचंद मोहता का मकान हुआ करता था लेकिन उनके कई वर्ष पहले नागपुर चले जाने की वजह से यहां मकान जर्जर हो गया और दुर्घटना का खतरा बना हुआ था. नगर परिषद ने संबंधित को कई बार पत्र व्यवहार किया. मगर, कोई जवाब नहीं आया. ऐसे में नगर परिषद ने ही मकान को ध्वस्त करवाया और भूमि खाली हो गई. जिसके बाद कभी भी कोई खाली प्लांट में दावा करने के लिए नहीं आया. लेकिन लंबे समय खाली पड़े प्लाट में अब शायद कब्जा करने की नीयत से यहां जेसीबी मशीन चलवाई जा रही थी. मशीन चलवाने वाले और कोई नहीं बल्कि शहर के समाजसेवी कहे जाने वाले विशाल कोठारी है।

### इनका कहना है

जानकारी मिली कि शासकीय भूमि के खाली प्लाट पर अवैध तरीके से जेसीबी मशीन चलाई जा रही है सीएमओ को आदेशित किया गया जिसके बाद उन्होंने कर्मचारियों को मौके पर भेजा लेकिन चालक जेसीबी मशीन और 02 ट्रैक्टरों को मौके से लेकर फरार हो गए।

**योगेंद्र ठाकुर, नपा अध्यक्ष**

# आँगनबाड़ी केन्द्रों में पेयजल आपूर्ति ढप्प, जिम्मेदार कौन?

### एक ओर घोटाले की सुगबुगाहट अधिकारियों के द्वारा काम के नाम की जा रही खानापूर्तिः दिनेश लांडे, जनपद सदस्य

हरिभूमि न्यूज लांजी।

युं तो हमारे नवनिहालो को प्रारंभिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य लाभ हेतु शासन द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र संचालन किया जा रहा है । केन्द्रों में पोषण आहार सहित प्रसूति महिलाओ को मार्ग दर्शन के साथ साथ विभिन्न लाभकारी योजनाओ की जानकारी देकर उन्हें लाभ पहुंचाया जाता है बेसक आगनबाडी केन्द्रों में कार्यरत कार्यकर्ता एवं सहायीकांओ द्वारा अपना शत प्रतिशत योगदान दिया जा रहा है इसके विपरीत सम्बंधित अधिकारियों द्वारा काम के नाम पर खाना पूर्ति की जा रही हैइस पूरे मामले में जनपद सदस्य दिनेश लांडे ने बताया की ऐसा ही एक मामला सामने आया है जंहा हाल ही में दिनांक 25/6/2024 को जनपद पंचायत लांजी की सामान्य सभा की बैठक में आया जंहा आयोजित बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से प्रतिनिधित्व कर रही अधिकारी से पूछा गया की आज से कुछ 20/25 महा पूर्व जिन आंगनबाडी केन्द्रों में पेयजल आपूर्ति के तहत पानी टंकी लगाना ,मोटर लगाना, प्लंबिंग कार्य ,इलेक्ट्रिकल्स सहित अन्य कार्य हुए उन आंगनबाड़ी केन्द्रों में 80 प्रतिशत कार्य योजना ढप्प पड़ी हुई है बैठक में उपस्थित महिला अधिकारी के द्वारा बिना देर किये इसे स्वीकार कर लिया गया इसके उपरांत महिला बाल विकास वृत लांजी से जानकारी जुटीई गई जिसमे उन्होंने संख्यात्मक जानकारी देने के साथ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को इस कार्य की कार्य एजेंसी बताया



।जनपद सदस्य श्री लांडे ने यह भी बताया की जब लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से संपर्क किया गया तो एक चौंकाने वाली जानकारी निकलकर सामने आई जिससे यह पता चला की यह कार्य आँगनबाड़ियों सहित शालाओ में भी हुआ है तथा यह कार्य रायशिंग एण्ड कंपनी लांजी तथा कृष्णा बिल्डकान कंपनी गोंदिया के ठेकेदारों के द्वारा किया गया है।विभाग से प्राप्त सूचि के आधार पर आंगनबाड़ी एवं शालाओ में जाकर निरीछण किया गया निरीछण में जो बात सामने आई वह और कुछ ही जानकारी बया कर रही थी 80 प्रतिशत जंहा अनुमानित आकड़ा था उसे झुटलाते हुए वह आकड़ा 90 फीसदी के पार पंहुचा श्री लांडे ने कहा की सवाल यह उठता है की वृहद रूप से करोडो की लागत से जो कार्य हुआ वह संतोषजनक नहीं है, क्या इसकी उच्च स्तरीय जाँच नहीं होना चाहिए? क्योकि कार्य संतोषजनक है तो पेयजल आपूर्ति ठप्प क्यू है ? कार्य उपरांत मैनटनेस अवधि किसकी एवं कितनी थी और कार्य किस विभाग को हस्तांतरित किया गया? कई ऐसे केंद्र है जंहा सामग्री ही गायब है गायब सामग्री कंहा है? ऐसे कई सवाल है जो प्रश्नचिन्ह खड़ा करते है जो एक ओर घोटाले की ओर इशारा करते है जो की जाँच का विषय है, अब देखना यह होगा की इतने गंभीर मामले में सम्बंधित अधिकारियों की आंखे कब खुलेगी, की हमेशा की तरह कुंभकर्णी नींद में सोय रहते है ।

## एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत किया गया वृक्षारोपण

# सीएम राईज टिहलीबाई विद्यालय में किया गया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार तथा जिला शिक्षा अधिकारी जिला बालाघाट के आदेशानुसार एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत जिले के प्रत्येक हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूल में 1 जुलाई से 15 जुलाई 2024 तक वृक्षारोपण किया जाना हैं।

इस संबंध में बुधवार को सी एम राइज टिहली बाई शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय वारासिवनी में एक पेड़ माँ के नाम अभियान चला कर 25 पेड़ लगाए गए। इस कार्यक्रम में जनपद पंचायत वारासिवनी की अध्यक्ष श्रीमती माया उइके द्वारा एक पेड़ लगा कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में स्वागत वंदन के बाद श्रीमती उइके द्वारा पेड़ के महत्व पर विस्तृत चर्चा कर बताया कि हमारे जीवन के लिए पेड़ क्यों जरूरी हैं? अगर पेड़ न हो, तो इस संसार में कोई भी प्राणी जीवित नहीं रह सकते। पेड़ से ही सभी जीव जंतु को वायु मिलती है, शुद्ध हवा मिलती हैं। पेड़ के ही कारण पर्यावरण में संतुलन बना रहता हैं, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए और पेड़ लगाने के बाद उसकी देख रेख व सुरक्षा भी करनी चाहिए।



संस्था प्रमुख हुमराज पटले द्वारा विद्यालय में पेड़ों की संख्या, पेड़ों की उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में संस्था के राजेन्द्र कुमार गौतम उ मा शि भौतिकी, लखन रिणायत उ मा शि अंग्रेजी, डेलेन्द्र मेश्राम आई टी शिक्षक, प्रवीण राणा उ मा शि जीव विज्ञान, शरद सोनी उ मा शि, कमल टेम्भरे पुस्तकालय शिक्षक एवम् कक्षा 11 वीं गणित संकाय के विद्यार्थियों का सराहनीय सहयोग रहा।

## उकवा लायसेंसी मदिरा दुकान को कारण बताओ सूचना पत्र जारी

**बालाघाट।** सहायक आबकारी आयुक्त सुरेश कुमार उरांव ने उकवा की लायसेंसी कंपोजिट मदिरा दुकान संचालक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। उन्होंने कहा कि 26 जून को वृत प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक द्वारा जांच के दौरान दुकान से एमआरपी से अधिक दर पर मदिरा विक्रय करते पाये गया था। जो मप्र राजपत्र 8 फरवरी 2024 की कंडिकाओ व लायसेंस की शर्त 14 का उल्लंघन है। इसके अलावा दुकान पर नोकरनामा, मासिक विवरण, निर्धारित प्रारूप में साइनबोर्ड, निरीक्षण पुस्तिका नही पायी गई। इस तरह की अनियमितता के लिए कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था। लायसेंसी द्वारा जवाब संतोषजनक नही देने पर प्रावधानों के अंतर्गत कंपोजिट मदिरा दुकान उकवा को 1 दिन यानी 13 जुलाई को निलंबित करते हुए 10 हजार रुपये की शास्ति की गई है।

## खबर संक्षेप

### वसुंधरा को हराभरा करने एवं पर्यावरण संरक्षण में सहभागिता निभा रहे अधिकारी-कर्मचारी एवं आमजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** आने वाली पीढ़ी के सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य तथा वसुंधरा को हराभरा करने एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रदेश में ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान संचालित हैं। अभियान में सहभागिता सुनिश्चित करते हुए अधिकारी-कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में आम जनमानस ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान से जुड़ते हुए अपने घरों के आस-पास एवं अन्यत्र भूमि पर पौधारोपण कर रहे हैं। साथ ही अन्य व्यक्तियों को भी एक पौधा लगाने हेतु प्रेरित कर रहे हैं।
इसी क्रम में गुरूवार 11 जुलाई को शासकीय सिविल हॉस्पिटल लखनादौन सेक्टर मेडिकल ऑफिसर एवं स्वास्थ्य टीम के द्वारा चिकित्सालय परिसर एवं आयुष्मान आरोग्य मन्दिर सिहोरा में फलदार, छायादार एवं औषधी महत्व के पौधों का रोपण किया गया। इसी तरह मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् नवांकुर संस्था परासिया एवं वेलफेयर फाउंडेशन समिति विकासखंड छपारा द्वारा ग्राम गोहना स्कूल परिसर में, नगर परिषद केवलारी कार्यालय परिसर में स्थानीय जनप्रतिनिधियो एवं पुल निर्माण विभाग सिवनी के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा कार्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया।

# चरनोई भूमि से अतिक्रमण हटाने के कलेक्टर ने दिये निर्देश

**कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में गुरूवार 11 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में अपर कलेक्टर श्री सी.एल. चनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत सहित सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही।**



समय सीमा बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

बैठक में सर्वप्रथम कलेक्टर सुश्री जैन ने विभागवार सीएम हेल्प लाईन की लंबित शिकायतों की विस्तृत समीक्षा की । उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा शिकायतों में दर्ज प्रतिवेदन का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का विस्तृत एवं संतोषजनक प्रतिवेदन दर्ज किया जाए साथ ही आवेदक को भी अवगत कराया जाए। उन्होंने प्रत्येक शिकायत को संतुष्टि से बंद करवाने के लिए प्रयास करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए। कलेक्टर सुश्री जैन द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि किसी भी स्थिति में कोई भी शिकायत बिना अटेंड किए अन्य लेबल पर न जाए। कलेक्टर सुश्री जैन ने एक पेड़ अपनी मां के नाम अभियान अंतर्गत विभागवार निर्धारित किए गए लक्ष्य के विरूध्द प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को उनके कार्यालय में कार्यरत शासकीय तथा अशासकीय कर्मियों की अभियान में शतप्रतिशत भागिदारी सुनिश्चित कराते हुए पौध रोपण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
कलेक्टर सुश्री जैन द्वारा सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को अनुभाग अंतर्गत चरनोई भूमि चिन्हांकित करने तथा चिन्हांकित चरनोई भूमि से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्रावासों एवं आश्रमों के निरीक्षण प्रतिवेदन का भी अवलोकन किया। उन्होंने सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को अनियमित्ता बरतने वाले शिक्षकों पर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने पीएम जनमन योजना अंतर्गत अधिसूचित सेवाओं एवं योजनाओं के क्रियांवयन की अनुभागवार समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

# भंडारपुर से चांवड़ी मार्ग के बीच बना पुलः बालक- बालिकाएं अपनी जान हथेली पर रखते करते हैं पार

**भंडारपुर से चांवड़ी मार्ग के बीच बना पुल जनप्रतिनिधियों को कैसे दिखाई नही दे रहा है।इस मार्ग से किसान भाई अपने खेतों में एवं चांवड़ी सोसायटी खाद्द के लिये जाते हैं यहां तक की शिक्षा अध्यन करने भंडारपुर से चांवड़ी नव निहाल बालक एवं बालिकाएं भी इसी पुल को पार करते हुए अपनी जान हथेली मे रखकर जाते हैं।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जरा सी चूक से कब अनहोनी घटना हो जाये यह कहा नही जा सकता।बर्षों से इस पुल के निर्माण कार्य को लेकर मांग की जा रही है परंतु येसा लगा रहा है कि शासन प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि गण किसी अनहोनी घटना होने की राह देख रहे हैं येसा प्रतीत हो रहा है।पूर्व में भी किसान संघर्ष समिति के प्रदेश सचिव डॉ राजकुमार सनोडिया के द्वारा पुल को लेकर ग्राम भंडारपुर में बैठक के माध्यम से आवाज उठाई थी तब प्रशासनिक तौर पर पुल का जीर्णोद्धार किया गया था तब जाकरआवागमन की सुचारु व्यवस्था हुई थी।इसके उपरांत किसी ने मुख्य रुप से पुल निर्माण की मांग पुरजोर तरीके से नही उठाई अन्यथा पुल बहुत पहले बन गया होता।यह मुख्य मार्ग सिवनी छिन्दवाड़ा के साथ साथ नागपुर मुख्य मार्ग को भी जोड़ता है। हाल ही में किसान भाईयों नें नवागत जिला कलेक्टर महोदया जी से निवेदन किया है कि एक बार इस खरनाक पुल को देखने जरुर आये एवं इस विषम समस्या का समाधान करने की पहल करें।

## केवलारी थाना परिसर में हुआ पौधारोपण

# केवलारी पत्रकार संघ एवं श्री सत्य साईं समिति के साथ एसडीओपी, थाना प्रभारी मय स्टाफ ने किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।

मध्य प्रदेश सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है जिसमें प्रदेश के सभी वर्ग के लोग बहुत ही उत्साह के साथ बढ़ चढ़ कर इस अभियान के माध्यम से जुड़कर पौधारोपण कर रहे हैं ।



इसी क्रम में आज केवलारी थाना परिसर में पुलिस थाना केवलारी के समस्त स्टाफ के साथ श्री सत्य साईं सेवा समिति एवं केवलारी पत्रकार संघ द्वारा सामूहिक रूप से एक पेड़ मां के नाम अभियान में शामिल होकर विभिन्न तरह के पौधे लगाए साथ ही पौधों की सुरक्षा एवम संरक्षण के लिए प्रशासन को समुचित सहयोग का संकल्प भी लिया। आयोजन में केवलारी एस डी ओ पी आशीष भराड़े, थाना प्रभारी चैनसिंह उइके, समस्त थाना स्टाफ एवम केवलारी पत्रकार संघ से रफीक खान,पवन यादव,प्रवीण दुबे,विनोद सिसोदिया,पवन बघेल एवम श्री सत्य साई सेवा समिति केवलारी सयोंजक अजय अग्रवाल, हुकुमचंद देशमुख, मदन बघेल, कान्हा अग्रवाल,राकेश तिवारी, निज़ाम बघेल जिनेश झारिया, झारिया मा. सा.,राजू बनसकार, अमन सोनवाने उपस्थिति रहे। पौधारोपण के बाद आयोजन में उपस्थित सभी के द्वारा क्षेत्र के लोगो से अपील की गई कि प्रत्येक व्यक्ति एक पेड़ जरूर लगाए जिससे हमारी आने वाली पीढ़ी को एक स्वच्छ और स्वस्थ परिवेश मिल सके ।

# जन शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल मिला जिला शिक्षा अधिकारी से



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत जनशिक्षकों के क्रमोन्नत आदेश शीघ्र जारी कराए जाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी महोदय को आज राज्य शिक्षक संघ,जनशिक्षक संघ, एवं आजाद अध्यापक संघ ने मिलकर दिया ज्ञापन। प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत जनशिक्षक (माध्यमिक शिक्षक) के क्रमोन्नत आदेश कई वर्षो से जारी नही किए गए हैं जिसके कारण जनशिक्षको को प्रतिमाह 4 से 5 हजार रूपए कम मिल रहे हैं। डीपीसी कार्यालय से सभी जनशिक्षको की क्रमोन्नत फाइल जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा होने के बाद भी क्रम्मोन्नत फाइल जेडी कार्यालय से अनुमोदन न होने के कारण क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ नही मिल रहा है। इन्ही सब समस्यायों को लेकर आज जिला जनशिक्षक संघ के अध्यक्ष श्री रामकृष्ण दुबे के साथ साथी जनशिक्षकों ने मिलकर ज्ञापन सौंपा। जिला शिक्षा अधिकारी महोदय ने शीघ्र कार्यवाही कराए जाने के लिए आश्वासन दिया। ज्ञापन देने के लिए राज्य शिक्षक संघ के अध्यक्ष श्री विपणेश जैन, जिला जनशिक्षक संघ अध्यक्ष श्री रामकृष्ण दुबे, आजाद अध्यापक संघ के अध्यक्ष श्री कपिल बघेल,श्रीं गजेन्द्र बघेल,कार्यकारी अध्यक्ष श्री बृजमोहन बघेल, ब्लॉक अध्यक्ष श्री मुकेश नेमा, कमलेश परिहार, विनोद कुमार डहेरिया आदि जनशिक्षक उपस्थित रहे।

## नरसिंहपुर में संपन्न हुई म.प्र. शिक्षक संघ की संभागीय बैठक

म.प्र. शिक्षक संघ की संभागीय बैठक अध्यक्ष श्री विजय शुक्ला की अध्यक्षता में नरसिंहपुर में संपन्न हुई।बैठक में सिवनी जिले की ओर अध्यक्ष श्री अनिल शर्मा द्वारा शिक्षकों की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा कर मांग की गई कि सभी शिक्षक संवर्गों को चतुर्थ वेतन मान का लाभ दिया जावे ।अध्यापक संवर्ग की ग्रेच्युटी की गणना नियुक्ति दिनांक से की जावे। शैक्षणिक संवर्ग को अर्जित अवकाश की पात्रता प्रक्रिया का सरलीकरण किया जावे। एच आर ए की गणना नए वेतनमान पर की जावे।शासन के आदेश निर्देशों पालन शिक्षा एवं जनजातीय कार्य विभाग में समान रूप से किया जावे।जन जातीय कार्य विभाग में कार्यरत राज्यपाल/राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों को भी स्कूल शिक्षा विभाग की भांति आउट ऑफ टर्न पदोन्नति दी जावे । बैठक में प्रांताध्यक्ष डॉ. छात्रवीर सिंह राठौर ने अपने संबोधन में सभी मांगों के प्रस्ताव शासन को भेजने का आश्वासन दिया एवं इस दिशा में संघ द्वारा किए जा रहे सघन प्रयासों का उल्लेख किया। बैठक में सिवनी जिले के प्रतिनिधि मण्डल में जिला अध्यक्ष अनिल शर्मा ,जिला सचिव अविनाश पाठक ,जिला कोषाध्यक्ष संतोष सूर्यवंशी ,जिला संगठन मंत्री नोबाद शुक्ला, कुरई तहसील अध्यक्ष विनोद त्रिवेदी,सचिव परसराम सनोडिया एवं सहायक शिक्षक प्रकोष्ठ प्रमुख बृजकिशोर शर्मा शामिल रहे। संभागीय कार्यकारिणी के रिक्त पदों का भी मनोनयन सर्वसम्मति से में किया गया।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का सर्वे शीघ्रता से किया जाये

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** वर्तमान समय में सिवनी जिले के पूरे ब्लॉक में सड़क मोहगांव में बहुत ज्यादा वर्षा हुई है जिससे नेवरी नदी में इस वर्ष की सबसे बड़ी बाढ़ आई हुई है ,बाढ़ आने से नेवरी नदी के किनारे स्थित खेतों में लगी खरीफ की फैसले बाढ़ से आई मिट्टी में दब जाने से खराब हो गई है और किसानों को बहुत अधिक नुकसान हुआ है किसान बहुत चिंतित हो गया है कि अब उसका क्या होगा ऐसी स्थिति में शासन की ओर से उन्हें उचित मुआवजा मिलने की सख्त जरूरत है जिससे अन्नदाता किसान को कुछ राहत मिल सके नेवरी नदी में बाढ़ आने से उसके किनारे बसे ग्राम एरमा निवारी चिखला तीतरी मोहगाव दरगड़ा कोटकसा छापापार ग्वारी आदि गावो के किसानों के खेत में लगी मक्का और धान की फसलों को बहुत नुकसान हुआ है।
ऐसे में शासन द्वारा किसानों की फसलों का सही आकलन करने के लिए उनका सर्वे करना बहुत जरूरी है। अत भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सचिव कामरेड डीडी वासनिक के साथ राजेंद्र कुमार जायसवाल डॉक्टर बी सी ओके ओम प्रकाश बोर्ड तीरथ प्रसाद गजभिए अंगद सिंह बघेल किरण प्रकाश पीआर इनवाती राहुल कुमार यीशु प्रकाश संजू कुमार समद खान शिवदास वासनिक गोविंद राव भूलन सिंह इनवाती प्रदीप मरावी आदि ने जिला प्रशासन राजस्व विभाग कृषि विभाग से मांग की है कि अति शीघ्र बाढ़ पीड़ित किसानों के खेतों का सर्वे करके लगाई गई फसलों का आकलन करते हुए शीघ्र ही मुआवजा प्रकरण बनाए और किसानों को राहत देते हुए मुआवजा प्रदान करें।

# सड़क से साइड शोल्डर एवं मिट्टी हट जाने से छात्र-छात्राएं हो रहे दुर्घटना का शिकार



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर के बड़ा मिशन स्कूल के सामने डामर रोड का साइड शोल्डर एवं मिट्टी हट जाने से मोटरसाइकिल वाले एवं छात्र-छात्राएं दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। इस बात को लेकर कौमी एकता कमेटी अध्यक्ष असलम बाबा एवं मोहम्मद हबीब खान ने नगर पालिका अध्यक्ष शफीक खान को जानकारी देकर बताया की बड़ी दुर्घटना के पूर्व में रोड के शोल्डर भरा जाना आवश्यक है। अन्यथा कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है। नगर पालिका अध्यक्ष ने तत्काल संज्ञान में लेकर सीएमओ नगर पालिका से चर्चा की।

# अब आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, पंचायत सचिव, ग्राम रोज़गार सहायक, कोटवार, आशा उषा कार्यकर्ता, सुपरवाइज़र और संविदा कर्मियों को आयुष्मान भारत योजना का मिलेगा लाभ

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** राज्य शासन द्वारा आयुष्मान भारत ‘निरामयम’ योजना में पूर्व में स्वीकृत पात्र श्रेणियों में सम्मिलित हितग्राहियों के अतिरिक्त, सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सहायिका, मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, आशा तथा ऊषा कार्यकर्ता, आशा सुपरवाईजर, कोटवार एवं संविदा कर्मियों को प्रतिवर्ष प्रति परिवार 5 लाख रूपये का स्वास्थ्य सुरक्षा लाभ स्वीकृत किया गया है।
अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मो. सुलेमान ने महिला एवं बाल विकास, राजस्व, सामान्य प्रशासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं एमडी एनएचएम को पात्र हितग्राहियों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं, जिससे पात्र हितग्राहियों को योजनानुसार लाभ उपलब्ध कराया जा सके।




### निम्नलिखित व्यक्ति अपात्र होंगे

1. परिवार जिसका कोई भी सदस्य गत तीन वर्षों में से किसी भी वर्ष में आयकर दाता हो।
2. जिसका कोई भी सदस्य किसी अन्य शासकीय योजना से निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकता हो।
3. परिवार जिसका कोई भी सदस्य शासकीय कर्मचारी होने के साथ-साथ राज्य शासन केन्द्र शासन की किसी अन्य योजना अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त

# उद्यानिकी विभाग द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत ड्रिप, स्प्रिंकलर संयंत्र स्थापना हेतु किसानों से आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सहायक संचालक उद्यान सिवनी डॉ. आशा उपवंशी-वासेवार द्वारा बताया गया कि उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के घटक "पर ड्रॉप मोर क्रॉप'' अंतर्गत अनुदान पर ड्रिप /स्प्रिंकलर संयंत्र स्थापना करने हेतु जिले के किसानों से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये है।
उन्होंने बताया कि विभिन्न तरह की उद्यानिकी फसलों की खेती के माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि करने एवं सिंचाई जल की बचत करने के लिए उद्यानिकी विभाग द्वारा ड्रिप/स्प्रिंकलर संयंत्र के उपयोग को बढावा दिया जा रहा है। विभाग की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत सिवनी जिले के किसानों को ड्रिप स्थापना के लिए 26.320 हेक्टेयर, मिनी स्प्रिंकलर-6.120 हेक्टेयर एवं पोर्टेबल स्प्रिंकलर-94.290 हेक्टेयर के लक्ष्य प्राप्त हुये है। योजना के अंतर्गत लघु व सीमांत किसानों को जिनके पास 2 हे. तक कुल रकबा उपलब्ध है शासन के द्वारा निर्धारित लागत 55 प्रतिशत व बडे किसानों को जिनके पास 2 हे. से अधिक कुल रकबा है उन्हे 45 प्रतिशत अनुदान देय है। प्रति कृषक अधिकतम 5 हे. तक की सीमा में योजना का लाभ दिया जा सकता है। योजना का लाभ लेने के लिये निश्चित सिंचाई स्त्रोत वाले किसान विभाग के ऑनलाईन पोर्टल MPF-STS Portal पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। आवेदन के लिये कृषक को स्वयं का पासपोर्ट साइज का फोटोग्राफ, भूमि की बी-1 नकल, आधार नंबर, बैंक खाता की पासबुक, अजजा/अजा वर्ग हेतु जाति प्रमाण एवं मोबाईल नंबर ऑनलाईन पोर्टल पर दर्ज करना होता है। योजना की अधिक जानकारी के लिये इच्छुक किसान विकासखण्ड स्तर पर वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी कार्यालय एवं जिला स्तर पर कार्यालय सहायक संचालक उद्यान जिला-सिवनी में कार्यालयीन समय पर संपर्क कर सकते है।

# जनसंख्या विस्फोट भारत के संसाधनों के लिए सबसे बड़ी चुनौती- चतुर्वेदी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारत एक शक्ति संपन्न, उदार आर्थिक नीति,स्पष्ट परमाण्विक नीति और विकासशील राष्ट्र से विकसित राष्ट्र की श्रेणी में स्थापित होने यथासंभव प्रयास कर रहा है।भारत की विदेश एवं साम्राज्य वादी विस्तार नीति बिल्कुल स्पष्ट है। यह समीचीन है कि भारत आज विश्व की पांच बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है।जो अत्यंत गौरव का विषय है विश्व की सबसे अधिक आबादी भारत ने गत वर्ष पड़ोसी चीन को पछाड़कर जनसंख्या के आकडों में उत्कृष्ट वृद्धि करते हुए विश्व समुदाय को अलंकृत कर दिया है।जबकि भारत की आबादी के अनुरूप उसके पास ना ही भूमि है,ना पेयजल,ना कृषि भूमि ना ही पर्यावरण संरक्षण करने वाले वन,वाटिका और उद्यान। विश्व के विकसित राष्ट्रों की तुलना में भारत के पास जो संसाधन वर्तमान में संरक्षित हैं ,उनमें से अधिकांश 20-30 वर्षो में समाप्त हो जाएंगे। जनसंख्या के अनुपात में लगभग 30% लोगों को देने के लिए आगामी 10 वर्षो में भूखंड भी नहीं बचेंगे।जिस तरह भवन,निर्माण अनुमति/स्वीकृति मिल रही हैं।10 वर्ष बाद उन पर अंकुश लग जायेगा।एकल भवनों की जगह बहुमंजिला इमारतें ले लेंगी।कृषि योग्य भूमि की 50%जनसँख्या के अनुपात में कमी है।यह विस्फोटक और बेहद चिंतनीय और चुनौतीपूर्ण है। संसाधनों का संरक्षण और भविष्य भारत की तेल और प्राकृतिक गैसों,अयस्क आदि पर निर्भरता दूसरे देशो पर है,जो 20-25 वर्ष के लिए ही उपलब्ध हैं।इसके बाद का मंजर अकल्पनीय है। जल एवं यातायात की समस्या -भारत में भूमिगत जल स्रोत भीषण गर्मी, पेडों की अंधाधुंध कटाई ,अवैध उत्खनन के आगोश में अंतिम सांसे ले रहे ।नदियों/तालाबों /नलकूपों पर पेयजल निर्भरता सबसे बड़ी समस्या है।जल स्रोत जनसंख्या के मुताबिक नाकाफी हैं।जनसंख्या इसी दर से 10 साल और बढती रही तो अरब देशों की तरह पानी की राशनिंग करना पड़ेगा। जो अतिशीघ्र, अवश्यंभावी देखने को मिलेगा। इतनी बडी आबादी के लिए चार लैन,छह लैन,मैट्रो आदि सिर्फ प्राथमिक विकल्प अवश्य हो सकते हैं।परन्तु भविष्य के दृष्टिकोण से अप्रासंगिक हैं।बढते,दो पहिया,तीन पहिया,चौ पहिया वाहनों के लिए आज गलियां सकरी,सडके छोटी दिख रहीं।आगामी 10 वर्षो के बाद जब वाहन 10 करोड वाहन और बढ जाऐंगे तब क्या होगा ? सोचना बेहद कठिन है। कठोर कानून और जनसंख्या नीति सरकार को भविष्य की पीढी के लिए चिंतन करते हुए, उनके लिए संसाधन, भूखंड, कृषि भूमि,जंगल संरक्षित रखना बेहद चुनौतीपूर्ण है।सरकार को इस बाबत जटिल और कठोर निर्णय लेना पडे तो लेना चाहिए। क्योंकि हमारा आने वाला भविष्य आदम युग ना देखे,उसे भी वह सब यथेष्ट प्राप्त हो जो हमारी पीढी ने प्राप्त की।
इस अवसर पर आज डी पी सी स्कूल ड्रीम लैंड सिटी में भाषण,परिचर्चा, चित्र कला,पेंटिंग और रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने बढती जनसंख्या पर सरकारी नीति के कठोर क्रियान्वयन की अपेक्षा की है।

# चार साल से फरार चल रहे स्थायी फरार वारंटी को कोतवाली पुलिस ने पकड़ा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कोतवाली पुलिस बदमाशों पर कार्रवाई करने सक्रिय नजर आ रही है। जहां कोतवाली पुलिस ने चार साल से फरार चल रहे स्थायी फरार वारंटी को रात्रि में गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने बताया कि न्यायालय निमिष राजा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिवनी की ओर से 3 अप्रैल 2024 को अनुराम पिता आचार्य राजेन्द्र प्रसाद पांडे उम्र 45 वर्ष निवासी लूघरवाड़ा सिवनी का धारा 138 एनआई एक्ट का स्थायी वारंट तामिली के लिए प्राप्त हुआ था। थाना स्तर पर टीम गठित की जाकर गिरफ्तारी और स्थायी वारंटियों की लगातार तलाश की जा रही थी। बुधवार रात्रि में मुखबिर से जानकारी मिली थी कि एक फरार बदमाश कोतवाली थाना क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना मिलने के बाद मुखबिर के बताए स्थान पर दबिश दी गई और वारंटी अनुराग पांडे को गिरफ्तार गया है। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक ओ.पी. धोलपुरी, कृष्णकुमार बघेल, आरक्षक नितेश राजपूत, अमित रघुवंशी, शिशुपाल सोलंकी, रविन्द्र डेहरिया, दीपाली बघेल, ईरफान खान शामिल रहे। कोतवाली पुलिस ने लोगों से कहा कि यदि कोई आपराधिक गतिविधियों में संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो इसकी सूचना पुलिस को जरूर दें।

# नगर में आवारा मवेशियों का जमवाड़ा, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला मुख्यालय में इन दिनों आवारा मवेशियों के सड़क पर बैठने से लोग परेशान हैं। और दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ रही है। शहर में बेसहार सांड़ के हमले के कारण तीन लोगों की जान जा चुकी है। वहीं वर्तमान में भी शहर की सड़कों, चौक-चौराहों पर सांड के अलावा बड़ी संख्या में मवेशियों के झुंड देखे जा रहे हैं। इससे न केवल यातायात प्रभावित हो रहा है, बल्कि जाम लगने और हादसे होने की संभावना भी बन रही है। नगरपालिका की हाका गैंग और सीएमओ का इस ओर कोई ध्यान नहीं जा रहा है। नगरपालिका की उदासीनता के कारण शहर के लोगों व राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़कों पर डेरा जमाए बैठे मवेशियों को पकड़कर सुरक्षित रखने के लिए बनाए गए कांजी हाउस इन दिनों खाली हैं। जबकि ज्यादातर सड़कों, चौक-चौराहों पर मवेशियों का जमावड़ा बना रहता है। कहने के लिए नगरीय प्रशासन सड़क पर भटकते मवेशियों को पकड़ने हाका गैंग बनाकर कार्रवाई करता है, लेकिन लंबे अर्से से कार्रवाई नहीं हुई है। पशु पालक भी बेखौफ होकर अपने मवेशियों को सड़क पर खुला छोड़ रहे हैं। शहर में 40 से अधिक पशुपालक हैं, लेकिन इनमें कुछ ही पालक ऐसे हैं, जिनके पास बड़ी संख्या में मवेशी है। ये पशुपालक ही मवेशियों को सड़क पर बेसहारा छोड़ देते है, क्योंकि उन्हें मालूम है कि परिषद किसी तरह से कार्रवाई नहीं कर रही है। जबकि शहर की जनता के लिए यह मवेशी परेशानी का सबब बन रहे हैं। शहर के आवारा मवेशियों को पकड़कर बरघाट रोड के कांजी हाउस में रखा जाता है, लेकिन कांजी हाउस में लंबे अर्से से ताले डले हुए हैं। नगर में कोई ऐसी सड़क बाकी नहीं जहां आवारा मवेशी झुंड बनाकर बैठे नजर ना आते हों। कई बार तो इन मवेशियों के कारण यातायात बाधित हो जाता है। नगर के शुक्रवारी चौक, बुधवारी बाजार, मिशन स्कूल रोड, कचहरी चौक, छिंदवाड़ा रोड व कटंगी रोड समेत अन्य सड़कों पर मवेशियों झुंड नजर आते हैं। बावजूद इसके नपा का ध्यान नहीं जा रहा है। क्षेत्रीय लोगों ने कई बार मवेशियों को लेकर नगर पालिका में शिकायत भी दर्ज कराई है।

### रात्रि में हो सकते हैं बड़े हादसे

नगर में लोग मवेशियों को पालते हैं लेकिन इनसे दूध आदि का लाभ लेने के बाद इन्हें दिनभर आवारा छोड़ देते हैं। यही मवेशी दिन भर यहां वहां खड़े नजर आते हैं, तो कहीं किसी के भी दरवाजे के सामने पहुंच जाते हैं। कई बार तो इन मवेशियों की वजह से लोग घायल भी हो चुके हैं। रात के समय मवेशियों के बीच रोड में बैठने पर हादसों की आशंका और भी बढ़ जाती है।

खबर संक्षेप

## लालबर्रा और खैरलांजी तहसीलदारों को प्रशासनिक दृष्टि से बदला

**बालाघाट।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने प्रशासनिक दृष्टि से खैरलांजी और लालबर्रा के तहसीलदारों को बदला है। आदेशानुसार अब खैरलांजी के तहसीलदार सहदेव सिंह मार्को तहसील लालबर्रा में वेतन आहरण के लिए पदस्थापना के साथ ही कलेक्टर कार्यालय की राहत शाखा में पदस्थ किया गया है। जबकि लालबर्रा तहसीलदार सुरेश कुमार उपाध्याय को तहसील खैरलांजी में पदस्थापना की गई है।

## दो शिक्षकों वाले स्कूल में पुरुष शिक्षक 17 दिनों से नहीं आये



**बालाघाट।** परसवाड़ा जनपद के शेरपार प्राथमिक विद्यालय का गुरुवार को विकासखंड अधिकारी डीडी ठाकरे ने आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यहां पदस्थ शिक्षक भूपेश शरणागत अनुपस्थित पाये गए। बीईओ ठाकरे ने बताया कि इस स्कूल में दो शिक्षक पदस्थ है। श्रीमती विद्यावती मंडलेकर और श्री भूपेश शरणागत। अनुपस्थिति पंजी देखे जाने पर पाया गया कि शरणागत पिछले 17 दिनों से स्कूल नहीं पहुँचे है। साथ ही जानकारी में आया कि शिक्षक शरणागत का व्यवहार बच्चों के प्रति उचित नहीं है। उनके द्वारा बच्चों को डराया और धमकाने की बात भी सामने आयी है।

## मॉयल से सांसद पारधी की सौजन्य भेंट



**बालाघाट।** बालाघाट-सिवनी क्रमांक-15 इतिहास की पहेली महिला नव निर्वाचित सांसद श्रीमती भारती पारधी गुरुवार को अल्प समय के लिए मॉयल लिमिटेड भरवेली खदान पहुंची थीं जहां उनका अभिकर्ता एवम संयुक्त महाप्रबंधक राजेश कुमार सिंह एवम उनके सहयोगी वरिष्ठ प्रबंधक हेमंत बिसेन ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत करते हुए,मॉयल से जुड़े कार्यों की विस्तार के साथ जानकारी दिया। उक्त भेंट मॉयल के विश्राम गृह में हुई।

### उर्वरक निर्माण कम्पनी देवास, स्थानीय डीलर दीक्षांत जैतवार, संचालक सिद्धि विनायक कृषि केंद्र, मुनेंद्र चौहान व अजित रमेश के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

# बालाघाट में पकड़ाई नकली डीएपी, सुपर फास्फेट की 72 बोरियां जप्त

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में खरीफ के मौसम में किसानों को वितरित करने के लिए लाई गई नकली डीएपी को कृषि विभाग की टीम ने पकड़ा है। जिसमें 72 बोरी नकली डीएपी जब्त की गई है। इस मामले में कृषि विभाग ने उर्वरक कंपनी, डीलर और दो अन्य के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार कृषि विभाग की टीम ने बुधवार रात करीब 9:30 बजे एक सूचना के आधार पर जिले के ग्राम कोस्ते में मुनेश चौहान के घर पर दबिश दी। यहां 2 वाहनों के माध्यम से खाली हो रही और भंडारित की गई नकली डीएपी और सुपर फास्फेट की 72 बोरियां जब्त की।

जिसमें कृषि विभाग की टीम ने उर्वरक निर्माण कम्पनी देवास के साथ ही सिद्धि विनायक कृषि केंद्र वारासिवनी के डीलर दीक्षांत जैतवार, मुनेंद्र चौहान और अजित रमेश के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई हैं।

## कंपनी, डीलर और दो अन्य के खिलाफ FIR दर्ज

कृषि विभाग के उप संचालक राजेश खोब्रागढ़े ने बताया कि विभाग को जानकारी मिली थी कि वारासिवनी क्षेत्र के कोस्ते निवासी मुनेंद्र चौहान के घर पर नकली खाद का अवैध भंडारण किया गया है। जिसके बाद कृषि विभाग की टीम ने पुलिस के साथ संयुक्त रूप से दबिश दी।

जहां बालाजी फास्फेट प्रा. लि. देवास की रत्नम सिंगल सुपर फास्फेट को प्रधानमंत्री जन उर्वरक परियोजना डीएपी की खाली बोरी में भरा जा रहा था। इस दौरान वहां भरी बोरियां भी रखी थी। कृषि विभाग की टीम को यहां पर खाद के 50 किलोग्राम के 72 बैग वाहन से खाली होते हुए मिले। जिसका वजन कराने पर 1 बोरी में वजन महज 36 किग्रा ही पाया गया। पूछताछ में टीम को पता चला कि इस तरह के 35 बैग अन्यत्र भेजे गए है।





मामले में कृषि उप संचालक राजेश खोब्रागढ़े ने जिला प्रशासन के निर्देश पर वारासिवनी थाने में उर्वरक निर्माण कंपनी के साथ ही सिद्धि विनायक कृषि केंद्र वारासिवनी के डीलर दीक्षांत जैतवार, मुनेंद्र चौहान और अजित रमेश के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई हैं।

मामले में वारासिवनी थाना प्रभारी बीभेन्द्र व्यंकट टांडिया ने बताया कि संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया है, मामले की जांच की जा रही हैं।

### कौमी एकता के प्रतीक हक्कू शाह बाबा का वार्षिक उत्सव का आयोजन

# 20 जुलाई को रईस अनीस साबरी की कव्वाली

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले में कौमी एकता के रूप में अपनी अलग पहचान रखने वाले स्थानीय बालाघाट नगर के मेनरोड स्थित हजरत सैयद अब्दुल हकीम उर्फ हक्कूशाह बाबा का वार्षिक उर्स 12 से 20 जुलाई तक आयोजित किया गया है। जिसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें। मोहर्रम की 5 तारीख याने 12 जुलाई को परचम कुशाई, 13 जुलाई 7 मोहर्रम को भी एक धार्मिक आयोजन है। 14 जुलाई 9 मोहर्रम को सुबह 8 बजे कुरानख्वानी व मिलाद शरीफ, 10 मोहर्रम 17 जुलाई दिन बुधवार को यादे हुसैना शाही संदल, एवं रात 9 बजे महफिले शमां, 18 जुलाई गुरूवार को लंगर-ए-आम अर्थात भंडारे का आयोजन होगा। 19 जुलाई दिन



शुक्रवार को सुबह 8 बजे कुल शरीफ और महफिल-ए-रंग, 20 जुलाई शनिवार को रात्रि 9 बजे भारत के मशहूर कव्वाल रईस अनीस साबरी अपना कार्यक्रम प्रस्तुत करेगें। इस तरह से इस वार्षिक उर्स का समापन होगा। दरगाह के सरपरस्त नजीर अहमद कादरी खादिम दरगाह शरीफ कलीम अहमद कादरी राजा, समीर अहमद कादरी, अरहम अहमद के साथ समिति हजरत ख्वाजा गरीब नवाज उर्स समिति, हजरत हक्कू शाह बाबा उर्स कमेटी, हजरत हक्कू शाह बाबा जनकल्याण समिति ने बाबा के प्रति आस्था रखने वाले उनके चाहने वालों से आव्हान किया है कि वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस आयोजन में पहुंच कर इसे सफल बनाने में अपना योगदान दें। उल्लेखनीय है कि बालाघाट जिले की सबसे पुरानी दरगाह वर्षो से जिले में हिन्दू, मुस्लिम, सिख ईसाई एकता की प्रतीक बनी इस दरगाह से फैज पाने वाले लोगों की भी एक लंबी सूची है। यही कारण है कि हर वर्ष मोहर्रम के महिने में मनाये जाने वाले इस वार्षिक उत्सव में सभी धर्म जाति के लोग पूरे उत्साह के साथ भाग लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते है।

# एकीकृत माध्यमिक शाला डोंगरिया में इल्लियुक्त चावल का हो रहा उपयोग

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





एकीकृत माध्यमिक शाला डोंगरिया में मध्याह्न भोजन में बरती जा रही लापरवाही कहें या फिर बीमारी को व्यौता दिलाने वाले इल्ली युक्त चावल और खराब आलू की सब्जी को बच्चों की थाली में परोसा जा रहा हैं. कुछ ऐसा ही मामला जनपद पंचायत बिरसा की एकीकृत माध्यमिक शाला डोंगरिया में देखने को मिला है.जनपद पंचायत बिरसा के उपाध्यक्ष हेमंत साहू के द्वारा एकीकृत माध्यमिक शाला डोंगरिया का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान देखा गया कि शाला में शिक्षकों की कमी के चलते कुछ कक्षाओं को आपस में एक साथ बैठाकर पढ़ाया जा रहा था।जबकि कुछ कक्षाएं खाली थी।संस्था में मात्र 03 नियमित शिक्षक ही हैं।जिनमें से 02 शिक्षक प्राथमिक शाला में जबकि 01 शिक्षक माध्यमिक शाला में है।अतिथि शिक्षकों को रखने की प्रक्रिया चल रही थी।उपाध्यक्ष के द्वारा जब बच्चों से पढ़ाई के बारे में पूछा गया तो संतोषप्रद जवाब नही दिया गया।बच्चों से पुस्तक पाठन आसानी से नहीं बनता देखा गया।कक्षा 8वीं के बच्चों को अंग्रेजी पढ़ते नही बना।बच्चें पढ़ाई में बहुत ही कमजोर नजर आए।निरीक्षण के दौरान एक अजीब वाक्या देखने को मिला।उपाध्यक्ष हेमंत साहू के द्वारा जब किचन शेड में जाकर मध्यान भोजन के बारे में पूछा गया तो वहां पर आलू बैगन की सब्जी बनाने की बात कहे।जब दिखाने के लिए कहा गया तो इल्लियुक्त चांवल दिखा।साथ ही आलू की स्थिति बहुत ज्यादा खराब थी,जिसे सब्जी बनाने के लिए उपयोग किया जा रहा था।भोजन मात्र पेट भरने के लिए बनाया जा रहा था।जिसमें कोई गुणवत्ता नही थी।बिरसा विकासखंड के अंतर्गत कई स्कूलों में मध्यान भोजन की गुणवत्ता सुधारने के लिए अनेकों बार कहा गया है लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं आया है।

## स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बरतने पर 02 एएनएम कार्यकर्ता निलंबित

**बालाघाट।** गत दिवस सामु.स्वा.केन्द्र बिरसा के अंतर्गत उप स्वास्थ्य केन्द्र पितकोना के ग्राम चिलोरा में मलेरिया बीमारी का प्रकोप देखने को मिला। जिसके फलस्वरूप मलेरिया से एक साढ़े तीन वर्षीय बच्चे की मृत्यु हो गई। घटना के परिणामस्वरूप मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, सी.बी.एम.ओ. बिरसा/लांजी द्वारा ग्राम चिलोरा का भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया। निरीक्षण उपरांत उप स्वा. केन्द्र पितकोना में पदस्थ एएनएम श्रीमती मनीषा कटारे द्वारा ग्राम में सतत भ्रमण न करना एवं अन्य स्वास्थ्य सेवाएं देने में लापरवाही बरतना पाया गया। बताया गया कि इस प्रकार के कृत्य पदीय दायित्वों के विपरीत होकर म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) के उप नियम (एक) (दो) (तीन) का स्पष्ट उल्लंघन है।

# जिले में पहली बार रथयात्रा का आयोजन; हरे कृष्णा, राधे-राधे का लगे जयघोष

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** उड़ीसा के जगन्नाथपुरी में निकाली जाने वाली जगन्नाथ यात्रा के तर्ज पर जिले में पहली बार गुरुवार को जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली गई। शात 5 बजे भगवान जगन्नाथ के साथ भ्राता बलराम और बहन सुभद्रा की रथयात्रा नगर के नए श्रीराम मंदिर से प्रारंभ हुई।

जो हनुमान चौक, महाराणा प्रताप चौक, सुभाष चौक, महावीर चौक, गुजरी चौक, काली पुतली चौक होते हुए हनुमान मंदिर पहुंची। जहां भगवान जगन्नाथ का पूजन, महाआरती की गई। भगवान को 56 भोग लगाया गया और उनकी कथा का वाचन किया गया। इस रथयात्रा में सनातन हिन्दू धर्मावलंबी और बड़ी संख्या में नगर की धार्मिक जनता मौजूद थी।



इस दौरान सनातन सभा संरक्षक रमेश रंगलानी, लता एलकर, अध्यक्ष महेश खजांची, महामंत्री अभय सेठिया, नपाध्यक्ष भारती ठाकुर, जिला पंचायत पूर्व प्रधान रेखा बिसेन, इस्कान संस्था बालाघाट के संचालक रत्नभूषण दास महाराष्ट्र के गोंदिया, प्रदेश के उज्जैन, छिंदवाड़ा, नैनपुर, सिवनी के ब्रम्हचारी मौजूद थे।

## फ़ीडर्स के पृथकीकरण, ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि के साथ उच्चदाब लाइनों के विस्तार के लिए आरडीएसएस योजना में कार्य प्रारम्भ

**बालाघाट।** सांसद श्रीमती भारती पारधी की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्टर सभागृह में 3 विभागों की परिचयात्मक सह समीक्षा बैठक हुई। बैठक में पीडब्ल्यूडी, पीआईयू और एमपीईबी ने अपने-अपने विभागों के प्रचलित कार्यो की प्रगति प्रस्तुत की। साथ ही उन्होंने विभागों से सम्बंधित समस्याओ के निराकरण की ओर भी विस्तृत चर्चा की। एमपीईबी अधीक्षण यंत्री श्री दीपक उइके ने विभाग द्वारा वर्तमान में संचालित योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने भारत शासन द्वारा संचालित विद्युत वितरण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण एवं भविष्य में आने वाली चुनौतियों का समाना करने के लिए विद्युत प्रणाली के आधुनिकीकरण के सम्बंध में बताया। उन्होंने आरडीएसएस योजना का विस्तार करते हुए कहा कि आने वाले 5 वर्षों में इस योजना के तहत जिले में 409 करोड़ के कार्य किये जायेंगे। इसमें मुख्य रूप से सब स्टेशनों की क्षमता वृद्धि, उच्च हानि वाले क्षेत्रों में केबलीकरण, ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि, फीडरों के पृथकीकरण, उच्च दाब लाइनों का विस्तार आदि कार्य होंगे। बैठक में सांसद श्रीमती पारधी और विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे द्वारा बिजली की समस्याओं के निराकरण के सम्बंध में भी विभाग को जानकारी दी। अधीक्षण यंत्री श्री उइके ने कहा कि बताई गई समस्याओ का निराकरण 2 दिनों में कर दिया जायेगा।

## एक पेड़ मां के नामः किरनापुर में पुलिसकर्मियों ने थाना परिसर में लगाए फलदार पौधे, सुरक्षा की ली जिम्मेदारी




**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले के किरनापुर थाना परिसर में थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह बैस व पुलिसकर्मियों ने गुरुवार सुबह फलदार पौधारोपण किया। थाना प्रभारी की मौजूदगी में सभी पुलिसकर्मियों ने थाना परिसर में 100 पौधे लगाए। इसके साथ ही इन पौधों को पेड़ बनाने तक सुरक्षा करने की जिम्मेदारी ली। पीएम मोदी के आह्वान पर मध्यप्रदेश के हर जिलों में साढ़े पांच करोड़ पौधारोपण किया जाएगा। इसी को देखते हुए बालाघाट जिले की किरनापुर तहसील के थाना परिसर में थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह वैश के नेतृत्व में 100 पौधे लगाए गए। पौधारोपण के दौरान एएसआई ओमेश मिश्रा, नेहरू बहेरवंश, चेतन ब्रम्हे, हेड कॉन्स्टेबल तोपेन्द्र कांवरे आरक्षक राघविरेंद्र टेकाम, अंबुज मिश्रा, राजकुमार ठाकरे वं पत्रकार बन्धुओं सहित किरनापुर थाने का पूरा स्टाफ मौजूद रहा। सभी ने पौधारोपण कर पौधों को बड़ा करने और पेड़ बनने तक उनका पूरा ध्यान रखने की शपथ भी ली है।

# ग्राम के लोगों का हाल बेहाल, गांव में डायरिया का प्रकोप, एक की मौत

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिला मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत कोसमी में बीते कुछ दिनों से उल्टी-दस्त से बीमार होने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। पंचायत में डायरिया से 50 लोग बीमार बताए जा रहे हैं। जिसमें महिला, पुरूष और बच्चे भी शामिल हैं। इसी वजह से स्कूलों में भी बच्चे कम पहुंच रहे हैं। वहीं स्कूल गए बच्चों को उल्टी-दस्त होने पर परिजन उन्हें कैंप में दिखा रहे हैं।

प्राचार्य कंचन बोरकर ने कहा कि बीमारी से बहुत से बच्चे स्कूल नहीं आए हैं। पंचायत में फैली डायरिया बीमारी से 10 जुलाई को एक बच्ची की मौत होने की बात भी पंचायत सरपंच प्रतिनिधि गगन नगपुरे ने कही थी। पंचायत में बीमारी से प्रभावित कुछ लोगों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जबकि कुछ शासकीय अस्पताल में भर्ती होने भेजे गए हैं। लेकिन स्वास्थ्य अमले का कहना है कि मृत 11 वर्षीय बालिका को उल्टी-दस्त की शिकायत के साथ ही बुखार भी था। जिसका इलाज कराने की बजाय बालिका के परिजनों ने मेडिकल से बिना चिकित्सीय परामर्श के दवा ली और उसके बालिका के खाने से उसकी मौत हुई



है। फिलहाल पंचायत सरपंच से मिली जानकारी के बाद स्वास्थ्य अमले ने यहां 11 जुलाई को स्वास्थ्य कैंप लगाया है, जहां ग्रामीणों का उपचार किया रहा है। इसके अलावा कैंप में एम्बुलेंस को भी रखा गया है। ताकि किसी की हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल भर्ती कराया जा सके।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने बताया कि कोसमी पंचायत में डायरिया बीमारी फैलने की जानकारी के बाद यहां स्वास्थ्य कैंप लगा दिया गया है। ग्रामीण, पानी को उबालकर पिये और अपने आसपास साफ-सफाई रखे।

## बारिश होने से किसानों ने शुरु किया परहा कार्य

हरिभूमि न्यूज खमरिया ।



लालबर्रा जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में गत दिवस से बारिश हो रही है और खेतों में पानी भी जमा हो गया है। वहीं लालबर्रा सहित खमरिया क्षेत्र में हुई बारिश से किसानों के चेहरे खिल गये है। क्योंकि दो तीन दिनों से रात्रि व दिन के समय हुई बारिश से पूरा क्षेत्र तरबतर हो गया है। और इस बारिश से खेतों में पानी जमा हो गया है एवं जिन्होंने पूर्व में बीज बोआई कर दिये थे। जिनकी खार रोपाई कार्य के लिये तैयार हो चुकी है ऐसे किसानों के द्वारा परहा कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। यानि कि किसानों ने अब धान की रोपाई कार्य (परहा) लगाने का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। किसानों ने बताया कि क्षेत्र में विगत कुछ दिनो से किसानो के द्वारा जोरदार बारिश का इंतजार किया जा रहा था। जिसके पश्चात लगातार तीन चार दिनो से कभी दिन व रात के समय हो रही बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे है और पर्याप्त बारिश होने के द्वारा परहा रोपाई कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है।

# एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत थाना परिसर में लगाये गए पेड़

हरिभूमि न्यूज लांजी।



मध्य प्रदेश शासन के द्वारा जगह जगह एक पेड़ माँ के नाम योजना के अंतर्गत सभी विभागो को पेड़ लगाने के निर्देश दिए गए है । सरकार कि यह महत्वपूर्ण योजना है 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में जगह जगह पौधा रोपण का कार्यक्रम किया जा रहा है। इसी क्रम में 11 जुलाई को लांजी थाना परिषर में पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ के मार्गदर्शन में एवं लांजी एसडीओपी सत्येन्द्र घनघोरिया के उपस्थिति में लांजी थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी व थाने के समस्त स्टाप तथा एसडीओपी कार्यालय के स्टाप तथा नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि ताराचंद कालबेले के साथ कई छायादार पौधे लगाये गय।इस अवसर पर लांजी एसडीओपी सत्येन्द्र घनघोरिया ने कहा की पेड़ पौधे हमें फल छाया व ऑक्सीजन देते है । श्री घनघोरिया ने आम जनमानस से इस अभियान के तहत हर व्यक्ति कम से कम एक पेड़ अवश्य रोपित करने की अपील की गई है साथ ही यह भी कहा की किसान अपने खेतों की मेड पर फलदार और छायादार पौधे लगाये, विद्यार्थी अपने शिक्षण संस्थानों और अपने घरों के आस पास खाली जगहों पर पोधों को रोपित करे ।इस अवसर पर एस डी ओ पी सत्येन्द्र घंघोरिया ,थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी ,नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि ताराचंद कालबेले ,एस आई संजय सिह केरार, ए एस आई महेश बिसेन, ए एस आई तुरकने, प्रधान आरक्षक संदीप सोनेकर, ए एस आई प्रमोद बांगरी, ए एस आई देवराज धुर्वे व समस्त स्टाफ मोजूद रहे ।

### बिरसा जनपद उपाध्यक्ष हेमंत साहू ने किया आकस्मिक निरीक्षण

# शासकीय प्राथमिक शाला खूटाटोला भवन की स्थिति जर्जर

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।






दूरस्थ क्षेत्र विकासखंड बिरसा में शिक्षा स्तर के साथ ही शाला भवन की स्थिति चिंताजनक है।कहीं पर शाला भवन ही नहीं है तो कहीं शाला भवन अत्यंत जर्जर स्थिति में है।ऐसे दर्जनों स्कूल है जहां बच्चों को बैठाना किसी खतरे से कम नही है।किसी स्कूल के छत का मलबा नीचे गिर रहा है तो कहीं दीवारों में दरारें आ रही है तो कहीं छत से लगातार पानी टपक रहा है।बरसात के दिनों में स्कूलों की स्थिति सरकार की पोल खोल रही है।ऐसा ही एक स्कूल खूटाटोला डोंगरियां का है जहां पर कुल 34 बच्चें दर्ज है।स्कूल में 3 कमरा है।लेकिन 2 कमरें की हालत ऐसी है कि अगर उन कमरों में बच्चों को बैठाते हैं तो अनहोनी कब हो जाए कुछ कहा नहीं जा सकता।दोनों कमरों की दीवारों में दरार आने के साथ ही छत का प्लास्टर लगातार गिरते जा रहा है।ऐसी स्थिति में जर्जर दोनों कमरों को बंद कराकर सामने के एक ही कमरे में पहली से पांचवीं तक की कक्षाएं संचालित हो रही है।सभी 34 बच्चों को एक साथ बिठाया जा रहा है।शाला में दो शिक्षक पदस्थ हैं।जब एक ही कक्षा में सभी बच्चों एक साथ बैठाया जा रहा है तो ऐसे में पढ़ाई कैसी होगी।गांव में स्कूल लगाने के लिए कोई सार्वजनिक भवन भी नही हैं जहां इस स्कूल को लगाया जा सके।गांव में किराए से कोई कमरा भी नहीं दे रहे हैं कि बच्चों को अलग अलग और सुरक्षित रूप से बैठाकर अध्यापन कार्य करा सकें।ग्रामीणों की शिकायत के आधार पर जनपद पंचायत बिरसा के उपाध्यक्ष हेमंत साहू के द्वारा प्राथमिक शाला खूटाटोला का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान सरपंच प्रतिनिधि डॉ रायसिंह धुर्वे,गिरमेश पटले भी साथ में रहे।शाला भवन की जर्जर स्थिति को देखते हुए नवीन भवन की स्वीकृति तत्काल हो।जिससे बच्चों की पढ़ाई सुचारू रूप से जारी रहे।

## मसूर का 12 हजार व कोदो-कुटकी का 14 हजार में होगा बीमा

**बालाघाट।** प्रधानमंत्री फसल बीमा अंतर्गत भारत शासन के कृषि मंत्रालय ने फसलों को अधिसूचित करने सम्बंधी राजपत्र प्रकाशित कर दिया है। प्रकाशित राजपत्र के अनुसार बालाघाट जिले के लिए रबी की फसल मसूर 12 हजार और खरीफ की फसल कोदों-कुटकी का 14 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर बीमा किया जा सकेगा। इनके अलावा खरीफ की फसलों में धान सिंचित के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर 46000 रुपये, असिंचित धान के लिए 38000, सोयाबीन के लिए 26000, मक्का के लिए 22000 और अरहर के लिए 26000, मूंगफली के लिए 26000, मूंग 24000 और उड़द के लिए 24000 रुपये प्रति हेक्टेयर बीमा की राशि निर्धारित की गई।